**Bhavan’s Tripura Vidyamandir**

1st Periodic Assessment: (2025-2026)

**Class:- 9** **Subject:- Hindi**

Time:- 2 Hours Total:- 50 Marks

Name of the student : Roll: Sec:

---

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. अपठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए :-- 7

ईमानदारी से अपने विचारों के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इस तरह हम अपनी आकांक्षाओं को पूरा कर सकते हैं। सच्चे और महान विचार ही संसार को नियंत्रित करते हैं। यदि तुम्हारे मन में डर नहीं है, तो तुम कभी दुविधा में नहीं पड़ोगे। मन में विश्वास होना चाहिए कि हर रात की सुबह होती है, फिर कोई भी असफलता इतनी लंबी नहीं होती कि खत्म न हो। तैयार रहो, कोशिश करो, लड़ते रहो-तुम जीतोगे।

लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अथक परिश्रम करना होगा। सुख-सुविधाओं का त्याग करना होगा। हमें सफलता प्राप्त करने से पहले युद्ध से गुजरना पड़ता है। कर्मयुद्ध होता है, जिसमें प्रत्यक्ष और परोक्ष अनेक चुनौतियाँ राह रोके खड़ी रहती हैं। सफलता कभी भी भाग्य और घटनाओं का विषय नहीं होती। यह सशक्त विचारशक्ति और कठिन परिश्रम पर निर्भर करती है इसलिए हमें जीवन में लक्ष्य के प्रति आशान्वित रहना चाहिए। यह व्यक्ति की चारित्रिक दृढ़ता को भी दिखाता है। हमारी सोचने की शक्ति, आदतें, सहनशीलता, कार्यशक्ति तथा साहस, सभी कुछ हमारी कर्तव्य-परायणता से लक्षित होता है। जो वक्त को जीते वह मनुष्य होता है, जो अपनी इंद्रियों को जीते वह जितेंद्रीय होता है और जो सफलता प्राप्त करे वही विजयी होता है। किसी को सफलता जल्दी मिलती है, किसी को देर से मिलती है। हमें अपने मन में इस सूत्र को बराबर दोहराना चाहिए कि ‘ऐसा क्या है जो मैं नहीं कर सकता’ । इससे हमें आत्मबल और साहस की अनुभूति होती है।

क) हमारी कर्तव्यपरायणता में क्या लक्षित नहीं होता ? 1

1) चिंतन-शक्ति 2) सहनशीलता 3) आलस 4) कार्यशक्ति

ख) व्यक्ति की चारित्रिक दृढ़ता के लिए क्या आवश्यक है ? 1

1) सही निर्णय 2) लक्ष्य के प्रति आशान्वित होना

3) सशक्त विचार 4) असफलता का भय

ग) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए :-- 1

कथन (A) : सफलता सशक्त विचारशक्ति और कठिन परिश्रम के बल पर निर्भर है।

कारण (R) : अतः व्यक्ति को ईमानदारी से अपने विचारों के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

1) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
2) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।
3) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
4) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं, तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

घ) हमें अपने जीवन में किस प्रकार आगे बढ़ना चाहिए ? 2

ङ) लक्ष्य प्राप्त करने के लिए हमें क्या-क्या करना चाहिए ? 2

2. ‘शब्द और पद’ के आधार पर उत्तर दीजिए :-- 3X1=3

क) सूरज घर के भीतर बैठा है। (रेखांकित पद का नाम)

ख) दरवाजे पर कौन आया है ? (रेखांकित पद का नाम)

ग) पद रूप में लिखिए :-- होनहार

3. ‘अनुस्वार-अनुनासिक’ के आधार पर उत्तर दें :- 2X1 = 2

क) अनुस्वार किसे कहते हैं ? उदाहरण दें ।

ख) सही स्थानों पर अनुनासिक लगाइए :- महगाई, घड़िया

4. क) <u>उपसर्ग और मूलशब्द अलग कीजिए</u> :-- 2X1=2

आगमन, स्वाधीन

ख) <u>उपसर्ग और मूलशब्द जोड़कर शब्द लिखिए</u> :- 2X1=2

प्रति + अक्ष, अन + जाना

5. क) <u>मूलशब्द और प्रत्यय अलग कीजिए</u> :-- 2X1=2

मौखिक, मिठास

ख) <u>मूलशब्द और प्रत्यय जोड़कर शब्द लिखिए</u> :- 2X1=2

अग्र + इम, ममता + आलु

6. <u>काव्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए</u> :-- 5X1=5

ऐसी लाल तुझ बिनु कउनु करै।
गरीब निवाजु गोसईया मेरा माथै छत्रु धरै।।
जाकी छोति जगत कउ लागै ता पर तुहीं ढरै।
नीचहू ऊच करै मेरा गोविंदु काहू ते न डरै।।
नामदेव कबीरु तिलोचनु साधना सैनु तरै।
कहि रविदासु सुनहु रे संतहु हरिजीउ ते सभै सरै।।

क) प्रस्तुत काव्यांश में 'लाल' शब्द किनके लिए प्रयुक्त हुआ है ?

1) भक्त के लिए 2) रंग के लिए 3) कवि के लिए 4) ईश्वर को लिए

ख) कवि ने अपने प्रभु को किन-किन नामों से पुकारा है ?

1) गोविंद 2) गुसईया 3) गरीब निवाजु 4) उपरोक्त सभी

ग) 'गरीब निवाजु' का क्या अर्थ है ?

1) अत्यंत गरीब 2) गरीबों पर दया दिखानेवाला
3) गरीबी दूर करने वाला 4) गरीबों को दान देने वाला

घ) प्रस्तुत काव्यांश की भाषा क्या है ?

1) अवधी 2) ब्रज 3) उर्दू 4) मैथिली

ङ) प्रभु की कृपा से कौन-से कवि मुक्त हो गए ?

1) नामदेव 2) कबीर 3) साधना 4) उपर्युक्त सभी

7. <u>निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए</u> :-- 3X2 = 6

क) रैदास ने सोने और सुहागे की बात किस संबंध में कहा है और क्यों ?

ख) रहीम ने सागर की अपेक्षा पंक-जल को धन्य क्यों कहा है ?

ग) रहीम ने दोहा छंद की क्या विशेषताएँ बताई हैं ?

8. <u>निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए</u> :-- 3X2 = 6

क) 'दुख का अधिकार' पाठ में लेखक ने संभ्रांत महिला की चर्चा क्यों की है ?

ख) बाज़ार के लोग खरबूजे बेचने वाली स्त्री के बारे में क्या-क्या सोच रहे थे ? लिखिए।

ग) हिमपात किस तरह का होता है और उससे क्या-क्या परिवर्तन आते हैं ?

9. <u>निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए</u> :-- 2X4 = 8

क) गिलहरी के घायल बच्चे का उपचार किस प्रकार किया गया ?

ख) बच्चे किस प्रकार पशु-पक्षी के साथ अपना प्रेम अभिव्यक्त करते हैं ? उदाहरण देकर समझाइए।

10. यात्री और टिकट बाबू के बीच लगभग 100 शब्दों में एक संवाद लिखिए। 5